दिनांक–08.08.2024 समय–7.10एएम

<u>प्रादेषिक समाचार</u>
<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>
<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री शनिवार को लाड़ली बहनों के खातों में जमा करेंगे 19 सौ करोड़ रुपए, कल से शुरू होंगे रक्षाबंधन और सावन उत्सव।
- सरकार ने एक हफ्ते में क्षतिग्रस्त सड़कों की समीक्षा कर मरम्मत करने के दिये निर्देश।
- बंगलुरु में उद्योगपतियों से चर्चा में बढ़ी कई क्षेत्रों में निवेश की उम्मीद।
- पहलवान विनेश फोगट ने संन्यास लेने की घोषणा की, सरकार ने कहा विनेश को हरसंभव सहायता।

<u>रक्षाबंधन/सावन कार्यक्रम</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को लाड़ली बहनों के खातों में 19 सौ करोड़ रुपए की राशि प्रेषित करेंगे। दस अगस्त को रक्षाबंधन और सावन उत्सव की थीम पर प्रदेश में 25 हजार स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्योपुर के विजयपुर में होने वाले स्व–सहायता समूहों के सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत अगस्त माह की राशि 1 हजार 250 रुपए के साथ ही विशेष उपहार स्वरूप 250 रुपए अतिरिक्त जमा किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त रक्षाबंधन की थीम पर कल रानी दुर्गावती महिला सरपंच सम्मेलन, 11 अगस्त को महाविद्यालय तथा एनसीसी/एनएसएस बालिकाओं से संवाद, 12 अगस्त को देवी अहिल्याबाई शहरी क्षेत्र महिला महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद सम्मेलन तथा 13 अगस्त को प्रदेश में महिला उद्योगपति सम्मेलन होंगे। इन कार्यक्रमों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध–रोपण भी किया जाएगा।

<u>सड़क मरम्मत</u>

लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बारिश में क्षतिग्रस्त सड़कों की समीक्षा कर, एक सप्ताह का अभियान चलाकर उनकी मरम्मत करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों को शामिल होकर क्षतिग्रस्त सड़कों को चिहिन्त कर एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने बैठक में यह भी निर्देश दिये कि मरम्मत के बाद समस्त यंत्रियों से इस आशय का प्रमाण पत्र भी लिया जाये कि उनके क्षेत्र में अब कोई मरम्मत योग्य क्षतिग्रस्त सड़क शेष नहीं है। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

<u>नीट–पीजी–स्वास्थ्य मंत्रालय</u>

सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट पीजी 2024 के प्रश्न पत्र के लीक होने की खबरों को खारिज कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऐसी खबरों को गलत और भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया गया है कि नीट पीजी 2024 परीक्षा के प्रश्न पत्र अभी तक राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने तैयार नहीं किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि सोशल मीडिया में किए गए पेपर लीक के दावे फर्जी हैं।

<u>हर घर तिरंगा अभियान</u>

प्रदेश में 11 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, तिरंगा संगीत कार्यक्रम, तिरंगा कैनवास, तिरंगा सेल्फी एवं तिरंगा मेले जैसी गतिविधियां जनभागीदारी से संचालित की जाएंगी। हर घर पर तिरंगा लगाने, तिरंगे के साथ डीपी लगाने के साथ ही वेब–साइटों पर तिरंगा बैनर लगाने की गतिविधियों को जन अभियान बनाया जाएगा। देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर इंदौर, भोपाल, ग्वालियर एवं जबलपुर में 78 फीट लंबा तिरंगा लहराया जाएगा। जिला स्तर पर उपलब्ध पुलिस बैंड भी तिरंगा यात्राओं में शामिल होंगे। तिरंगा यात्राओं का आयोजन शहीद स्मारकों और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों पर किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव ने बताया कि स्व–सहायता समूहों के पास पर्याप्त मात्रा में तिरंगे ध्वज उपलब्ध हैं।

प्रदेश राज्यसभा सीट

प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए भी मतदान 3 सितंबर को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा। यह सीट केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा में चुने जाने के कारण रिक्त हुई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि राज्यसभा चुनाव के लिए प्रदेश में 14 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। श्री राजन ने बताया कि 22 अगस्त को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 अगस्त है।

बंगलुरु सम्मलेन–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश निवेश प्रोत्साहन के लिये बंगलुरु में आयोजित मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं पर गोलमेज सम्मेलन" में उद्योगपतियों से संवाद करते हुए कहा कि उद्योगों की स्थापना और उद्यमियों को प्रोत्साहन से मध्यप्रदेश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ेगा। उद्योगपतियों ने राउंड टेबल सेशन में अधोसंरचना, इको सिस्टम, इंजीनियरिंग, रिसर्च, स्किल डेवलेपमेंट आदि विषयों पर विचार रखें और सुझाव भी दिए। इस सत्र में चेयरमैन नैसकॉम और सीईओ कॉग्निजेंट राजेश नांबियार ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। इंफोसिस की ग्लोबल डिलीवरी हेड सुश्री बिंदिया राज ने कहा कि प्रदेश के लोकल टेलेंट को निखारने और रोजगार देने के लिए मध्यप्रदेश में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। राकुटेन सिंफनी के एमडी राहुल अत्री ने कहा कि इंदौर क्लीनेस्ट सिटी होने के साथ ही उत्पादन हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम

विकसित भारत का मंत्र–भारत हो नशे से स्वतंत्र, जागरूकता कार्यक्रम 12 अगस्त को पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम होंगे। आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण डॉ. आर आर भोंसले ने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने पर यह देशव्यापी जनजागरूता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत समस्त स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर 12 अगस्त प्रात 9 बजे नशा मुक्ति शपथ ग्रहण होगा। कार्यक्रम में सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां, परिचर्चा, प्रभातफेरी, नुक्कड नाटक जैसी प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाएगी।

पंचायत–उप निर्वाचन

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में त्रि–स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिये मतदान 11 सितंबर को होगा। उप निर्वाचन के लिये नामांकन पत्र प्राप्त करने का कार्य 21 अगस्त से शुरू होगा। उप निर्वाचन में 5 हजार 344 पंच, 34 सरपंच और 4 जनपद पंचायत सदस्य के लिये मतदान होगा। इसी तरह नगरीय निकायों में 13 पार्षदों के लिये मतदान होगा।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थम गया है। प्रदेश के 14 जिलों में कल हल्की बारिश हुई। हालांकि, मौसम विभाग ने आज श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन सहित 17 जिलों में तेज बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। वहीँ अन्य इलाकों में हलकी बारिश हो सकती है।

आई ओ ए–विनेश फोगाट

पहलवान विनेश फोगट ने संन्यास लेने की घोषणा की है। कल ही उन्हें पेरिस ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल से अयोग्य घोषित किया गया था। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने अपने संन्यास की घोषणा की। उधर, भारतीय ओलंपिक संघ–आईओए की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने बताया कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने अयोग्यता के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग में अपील दायर की है। उन्होंने कहा कि सरकार विनेश को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रही है।

## पेरिस ओलिंपिक्स

पेरिस ओलिंपिक्स में मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा आज अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। वे आज रात एक बार फिर इतिहास रच सकते हैं। वहीं, पुरूष हॉकी टीम आज शाम ओलिंपिक्स के कांस्य पदक मैच में स्पेन के साथ भिड़ेगी। भारतीय खेल प्रेमियों की नजर कुश्ती पर भी होगी, जहां भारत के एकमात्र पुरूष पहलवान अमन सहरावत आज दोपहर बाद पुरूषों की 57 किलोग्राम भार वर्ग फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भाग लेंगे। वहीं महिला पहलवान अंशु भी महिलाओं की 57 किलोग्राम भार वर्ग फ्रीस्टाइल स्पर्धा में मैदान में उतरेंगी।

समाचार संक्षेप में .....

- नागपंचमी पर्व कल 9 अगस्त को मनाया जाएगा। उज्जैन में नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट आज रात 12 बजे खोले जाएंगे और कल रात 12 बजे तक यहाँ दर्शन किए जा सकेंगे।
- शहडोल जिले में अधिक से अधिक पात्र लोगों को सरकारी राशन मिले, इसके लिए एक बार फिर प्रवासी श्रमिकों की खाद्यान पर्ची का सत्यापन शुरु किया गया है।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में कंप्यूटर विभाग द्वारा 1 से 7 अगस्त तक संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शासकीय संभागीय आईटीआई नंदानगर इंदौर में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं।
- मंदसौर में लाडली बहनों का आभार सह उपहार कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी डीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि मंदसौर जिले की सभी लाडली बहनों को 6 करोड रुपए की राशि शगुन स्वरूप प्रदान की जा रही है।
- खण्डवा में श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में विश्व स्तनपान सप्ताह के समापन के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कल जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।
- कटनी जिले में शासकीय शालाओं में डीपीटी, टीडी टीकाकरण अभियान आज से प्रारंभ किया जा रहा है।
- मुरैना में भी आज से डी.पी.टी. एवं टी.डी. के टीकाकरण का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज, 22 एवं 29 अगस्त को टीका लगाया जाएगा।

....................................